भारत सरकार/Government of India

अंतरिक्ष विभाग/Department of Space

द्रव नोदन प्रणाली केंद्र/LIQUID PROPULSION SYSTEMS CENTRE

वलियमला, तिरुवनंतपुरम/Valiamala, Thiruvananthapuram

## हिंदी टंकक के पद की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा
## WRITTEN TEST FOR RECRUITMENT TO THE POST OF HINDI TYPIST

तारीख : 01 फरवरी, 2020
Date : 01 February, 2020

समय : 1000 घंटे से 1300 घंटे तक
Time : 1000 Hrs. to 1300 Hrs.

*अंकों का वितरण/Apportionment of marks*

| | |
|---|---|
| *भाग/Part-A : सामान्य अंग्रेज़ी/General English* | 20 |
| *भाग/Part-B : सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता/General Knowledge & Reasoning Ability* | 15 |
| *भाग/Part-C : अंकगणित/Arithmetic* | 15 |
| *भाग/Part-D : कंप्यूटर ज्ञान/Computer Literacy* | 10 |
| *भाग/Part-E : वर्णनात्मक/Descriptive Type Questions* | 40 |

## अनुदेश/INSTRUCTIONS

1. प्रश्न-पत्र परीक्षा पुस्तिका के रूप में है।/The question paper is in the form of test booklet.
2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए अलग से उत्तर पुस्तिका दिया गया है। Separate Answer Booklet is provided for answering Objective type questions and Descriptive type questions.
3. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिए एक से अधिक उत्तर हैं, जिनमें एक सही उत्तर है। अभ्यर्थी को दिए गए विकल्पों में से अपना सही उत्तर चुनकर अपना सही विकल्प (उदा : A, B, C, D जो सही हो) उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक प्रश्न के सामने लिखना होगा। Each objective type question is provided with multiple answers which includes one correct answer. Candidates have to choose the correct answer and write (A), (B), (C) or (D) as the case may be, against the question number in the space provided in the Answer Booklet.
4. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए एक-एक अंक है। 3 वर्णनात्मक प्रश्नों में प्रत्येक के लिए 10 अंक हैं और हिंदी व्याकरण के लिए 10 अंक। All objective type questions carry 1 mark each, 3 descriptive type questions carry 10 marks each and 10 marks for Hindi Grammar.
5. किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने से बचें, ऐसे मामले में उत्तरों को गलत माना जाएगा। Multiple answers for questions will be regarded as wrong answer.
6. प्रश्न पुस्तिका में उपलब्ध स्थान में रफ कार्य किया जा सकता है और इसके लिए अलग से पृष्ठ नहीं दिया जाएगा। Space available in the Question booklet can be used for rough work, if required and no separate sheet will be provided.
7. परीक्षा के बाद (1) प्रवेश-पत्र फोटोग्राफ के साथ और (2) उत्तर पुस्तिका निरीक्षक को सौंप दें। At the end of the test (1) Admit Card with photograph and (2) Answer Booklet shall be returned to the Invigilator.

## भाग/PART – A

## <u>सामान्य अंग्रेज़ी/General English</u>

I. Fill up the blank space by selecting the suitable preposition among the alternatives given below:

1. These days everybody complains _______ high prices of commodities.

   a) at   b) of   c) with   d) about

2. There should be love and tolerance ______ people of various religions.

   a) about   b) among   c) between   d) for

II. Choose the word which is closest in meaning to the underlined word:

3. She has been working here for a **<u>decade</u>**.

   a) 1 month   b) 1 year   c) 5 years   d) 10 years

4. Good leaders are usually good **<u>orators</u>**.

   a) Listeners   b) thinkers   c) speakers   d) fighters

5. Dr. Vikram Sarabhai was the **<u>pioneer</u>** of Indian Space Programme.

   a) Lawyer   b) founder   c) planner   d) designer

III. Select the antonyms of the words given below:

6. GATHER

   a) Disperse   b) Distract   c) Dispute   d) Display

7. STUPID

   a) Majestic   b) Intelligent   c) bold   d) Angry

IV. Select the most appropriate meaning of the given idioms:

8. Smell a rat

   a) To reveal secrets   b) To suspect that something is wrong

   c) Talking nonsense   d) To get momentum in a job

9. Butterflies in the stomach

   a) Being angry   b) Being hungry

   c) Being excited   d) Being nervous

V. Select the one word which can be substituted for the following:

10. A number of stars grouped together.

a) Comet  b) Orbit  c) Solar System  d) Constellation

11. Animals that eat flesh

a) Omnivorous  b) Carnivorous  c) Herbivorous  d) Insectivorous

12. Fit to be eaten

a) audible  b) credible  c) edible  d) legible

VI. Find the wrongly spelt word in each question below:

13. a) Continous  b) Sufficient  c) testimony  d) Competition

14. a) Procedure  b) Inadequate  c) Beginer  d) Constitution

15. a) Misellaneous  b) Expenditure  c) Audit Query  d) Significant

16. a) Unanimously  b) Vacant  c) Substitute  d) Satalite

17. a) Guarantee  b) Appreciation  c) Envirnment  d) Endorsement

VII. Read the paragraph carefully and choose the best answer to each out of the alternatives

The oil industry was born in the United States around the time of the Civil War. As the world's largest oil producer and exporter, the US supplied the oil on which the Allied Forces floated to victory in World War 1. In 1920, 64% of the world's oil was produced in the US. The growing uses of petroleum in modern American industrial society led several domestic companies to secure oil concessions in Mexico but foreign production was not actively sought after the First World War.

18. Which year 64% of the world's oil was produced in the US?

a. 1919  b. 1917  c. 1915  d. 1920

19. As the world's largest oil producer and exporter _________ supplied oil to the allied forces.

a. Iraq  b. Saudi Arabia  c. Iran  d. The US

20. According to the passage, the oil industry was born in the US around?

a. World War I  b. World War II  c. Civil War  d. None of these

# भाग/PART – B

## सामान्य ज्ञान व तार्किक क्षमता/General Knowledge & Reasoning Ability

21. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है/When is Hindi Day celebrated?

a) 10 /जनवरी/January
b) 14 सितंबर/September
c) 5 सितंबर/September
d) 8 मार्च/March

22. वर्ष 2019 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किनको दिया गया है/Who has been awarded Gyanpeeth Puraskar for the year 2019?

a) सुबेरी कोनंद राव/Suberi Kanand Rao
b) हिमकंसा अग्रवाल/Himakansa Agrawal
c) अक्कित्तम अच्युतन नंबूतिरि/Akkitham Achuthan Namboothiri
d) जीवन सेठी/Jeevan Sethi

23. भारत के मानवरहित गगनयान अभियान के लिए विकसित अर्ध ह्यूमनाइड़ का नाम क्या है/What is the name of Half Humanoid developed for the Unmanned GAGANYAAN mission of India?

a) नाविक/NavIC
b) भुवन/Bhuvan
c) व्योममित्रा/ Vyommithra
d) इनमें से कोई नहीं/None of these

24. निम्नलिखित में से एड्स से संबंधित कौन-सा है? /Which among the following is related to AIDS?

a) HIV
b) GIF
c)SIT
d) ABO

25. निम्नलिखित में से मूल्य में वृद्धि करने वाला कर कौन-सा है? / Which of the following tax does increase the price?

a) आयात शुल्क/Import duty
b) आय कर/ Income tax
c) चुंगी/Octroi
d) बिक्री कर/Sale tax

26. निम्नलिखित में से हाथियों के लिए प्रसिद्ध अभयारण्य कौन-सा है? / Which of the following Sanctuary is well known for elephants?

a) कान्हा/Kanha
b) गीर/Gir
c) पेरियार/Periyar
d) काज़िरंगा/Kaziranga

27. "DUCK" शब्द ----- से जुड़ा हुआ है / The term "DUCK" is associated with -----

a) सोक्कर/Soccer b) गोल्फ/Golf c)वॉली बॉल/Volley ball d) क्रिकेट/Cricket

28. "द लाइफ" नामक पुस्तक को किसने लिखा है/Who wrote the book "The Life"?

a) सल्मान रुश्दी/Sulman Rushdi b) अरुंधती रॉय/Arundhathi Roy
c) विक्रम सेठ/Vikram Seth d) शिव खेडा/Shiv Kheda

29. निम्नलिखित में से सर्वश्रेष्ठ विद्युतरोधी कौन-सी है/Which of the following is the best insulator?

a) कपड़ा/Cloth b) लकड़ी/Wood c) कागज़/Paper d) ग्लास/Glass

30. किस अभिनेता को पच्चासवें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में "आइकन ऑफ गोल्डन जुबली" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?/ Which Actor has been honoured with "Icon of Golden Jubilee" award at $50^{th}$ International Film Festival of India?

a) अमिताभ बच्चन/Amitabh Bachchan b) अनिल कपूर/Anil Kapoor
c) रजनी कांत/Rajani Kant d) ऋषि कपूर/Rishi Kapoor

31. दिए गए विकल्पों में से बेमेल शब्द को चुनें/ Find out the odd word from the given alternatives:

a) Swimming b) Sailing c) Driving d) Diving

32. दिए गए विकल्पों में से बेमेल वर्ण को चुनें/ Find out the odd letter from the given alternatives

a) PQXZ b) CQBN c) ABDF d) PRMN

33. प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी/What number will come at the place of question mark? 6, 11, 21, 36, 56,?

a) 91 b) 51 c) 81 d) 42

34. उस जोड़ी का पता करें, जो अलग तरह से संबंधित है/Find out the pair which is differently related

a) Camels-Roar b) Dogs – Bark c) Birds – Chirp d) Horse – Neigh

35. एक महिला एक आदमी को अपनी माँ के भाई के बेटे के रूप में पेश करती है। महिला से आदमी का क्या रिश्ता है / A woman introduces a man as the son of the brother of her mother. How is the man related to the woman?

a) भतीजा/Nephew b) पुत्र/Son c) चचेरा भाई/Cousin d) पोता/Grandson

## भाग/PART – C

## अंक गणित/Arithmetic

36. निम्नलिखित में रोमन संख्या CX के बराबर कौन-सा है/ Which of the following is equivalent to Roman Number CX

a) 90 b) 110 c) 200 d) 120

37. 9 का व्युत्क्रम क्या है/What is the reciprocal of 9?

a) 1 b) 1/9 c) -9 d) 0

38. x का 20% = 90, x का मूल्य कितना है / 20% of x = 90, find the value of x

a) 350 b) 450 c) 550 d) इनमें से कोई नहीं / None of these

39. अगर $5x+8 = x^2+p = 4x+9$ है तो p का मूल्य कितना है/If $5x+8 = x^2+p = 4x+9$, What is the value of p?

a) 18 b) 19 c) 12 d) इनमें से कोई नहीं / None of these

40. 12, 15, 20 का एल.सी.एम. / LCM of 12, 15, 20

a) 12 b) 15 c) 60 d) 20

41. 300 का 15% / 15% of 300 ?

a) 20 b) 45 c) 40 d) 30

42. ½ + ¼ X ¾ =

a) 3/8 b) 13/8 c) 11/16 d) ¾

43. श्रेणी की अगली संख्या कौन-सी है / Find the next number in the series 4, 8,16, 32, ___

a) 40 b) 46 c) 64 d) 48

44. 7 विषयों में एक छात्र के अंकों का औसत 75 है, विज्ञान को छोड़कर 6 विषयों में उसके अंकों का औसत 72 है। विज्ञान में उसे कितने अंक मिले / The average of marks of a student in 7 subjects is 75, His average in 6 subjects excluding Science is 72. How many marks did he get in Science?

a) 72 b) 90 c) 93 d) 75

45. If P:Q = 8:15 and Q:R = 3:2, then find P:Q:R ?

a) 8:15:7 b) 7:15:8 c) 8:15:10 d) 10:15:8

46. सुरेश और संजय का कुल वज़न 120 कि.ग्रा. है। यदि संजय का वज़न सुरेश से 30 कि.ग्रा. अधिक है तो संजय और सुरेश के वज़नों का अनुपात क्या है / The total weight of Suresh and Sanjay is 120Kg. If Sanjay weighs 30Kg more than Suresh, what is the ratio of the weights of Suresh to that of Sanjay?

a) 0.4 b) 0.6 c) 0.3 d) 0.25

47. किसी व्यक्ति की मासिक आय रु. 5000 है। यदि उनकी आय में 30% की वृदिधि हुई है तो अब उनकी मासिक आय कितनी है / The monthly income of a person is Rs.5000. If his income is increased by 30%, What is his monthly income now?

a) Rs. 7000 b) Rs. 5500 c) Rs. 4500 d) Rs. 6500

48. यदि 8 सालों तक रु. 1500 पर साधारण ब्याज के रूप में रु.30 जोड़ा जाता है तो प्रति वर्ष का दर प्रतिशत क्या है /If the simple interest on Rs. 1500 increases by Rs. 30, when the time increases by 8 year. The rate per cent per annum is

a) 0.5% b) 0.25% c) 0.75% d) 1.25 %

49. एक आदमी ने साइकिल से 90 मिनट में 12 कि.मी. की दूरी तय की। अगर वह समान गति से साइकिल चलाएंगे तो 3 घंटों में कितनी दूरी तय करेगा / A man covered a distance of 12 km in 90 minutes by cycle, How much distance will he cover in 3 hrs, if he rides the cycle at a uniform speed?

a) 36 km b) 24 km c) 30 km d) 27 km

50. 6 से.मी. पक्ष वाला वर्ग (स्कयर) का क्षेत्रफल कितना है / If the Side of a Square is 6cm, area of the same is

a) 18 $cm^2$ b) 36 $cm^2$ c) 24 $cm^2$ d) 46 $cm^2$

## भाग/Part D

## कंप्यूटर ज्ञान/Computer Literacy

51. भंडारण उद्देश्य के लिए ग्रुप किए गए डेटा आइटम ........कहलाते हैं। Data items grouped together for storage purpose are called...

a) रिकॉर्ड/Record
b) टाइटल/Title
c) लिस्ट/List
d) स्ट्रिंग/String

52. मॉडुलेशन तथा डी मॉडुलेशन का कार्य कौन करता है? What performs modulations and demodulation?

a) फाइबर ऑप्टिक/Fiber Optic
b) साटेलैट/Satellite
c) कोएक्सियल केबल/Coaxial cable
d) मॉडेम/Modem

53. एक ट्रान्सलेटर जो हाइ लेवल लैंग्वेज में लिखे प्रोग्राम को पढ़कर उसे मशीन लैंग्वेज कॉड में परिवर्तित करता है?

A translator that reads programmes written in a high level language and converts them into machine language code is

a) सिस्टम सॉफ्टवेयर/System Software
b) कंपाइलर/Compiler
c) ऑपरेटिंग सिस्टम/Operating System
d) इनमें से कोई नहीं/None of these

54. दो कंप्यूटरों के बीच संवाद के लिए किस चीज़ की आवश्यकता है? What is required to communicate between two computers?

a) कम्यूनिकेशन सॉफ्टवेयर/Communication Software
b) कम्यूनिकेशन हार्डवेयर/Communication Hardware
c) प्रोटोकॉल/Protocol
d) यह सभी/All of these

55. इनमें से सबसे बड़ी भंडारण इकाई कौन सी है? Which one is the biggest storage unit?

a) एमबी/MB
b) टीबी/TB
c) बिट/Bit
d) बाइट/Byte

56. ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर द्वारा मुख्य स्टॉरेज का किया गया सब डिविज़न .......... कहलाता है। A Sub division of main storage created by Operating System Software is called

a) कंपार्टमेंट/Compartment b)टाइम शेयर्ड प्रोग्राम/Time-shared program

c) पार्टिशन/Partition d) डिवैडेड कोर/Divided core

57. डेटा अंतरण स्पीड ज्ञात करने के लिए किस पैरामीटर का उपयोग किया जाता है ? What parameter is used to measure data transfer speed?-

a) dpi
b) bps_
c) ppm
d) GHz

58. RAM क्या है / What is RAM?

a) Read Automatic Memory
b) Random Access Memory
c) Random Allowable Memory
d) Random Acquired Memory

59. भारत में विकसित सुपरकंम्प्यूटर का नाम Name of Supercomputer developed in India

a) प्रत्युष/Pratyush b) मिहिर/Mihir

c) (a) और (b) दोनों/Both(a) & (b) d) इनमें से कोई नहीं/None of these

60. xlsx किसका फाइल एक्सटेंशन है xlsx is the file extension of

a) वर्ड/Word

b) पावर पोइंट/Power Point

c) एक्सेल/ Excel

d) इनमें से कोई नहीं/None of these

## भाग/Part E

## वर्णनात्मक प्रश्न/Descriptive Type Questions

61. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 25 वाक्यों का एक निबंध लिखें। **(10अंक)**

(i) प्रदूषण और स्वास्थ्य (ii) हमारे अधिकार और कर्तव्य (iii) समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव

62. आपकी कॉलनी में अधिकतर स्ट्रीट लाईट या तो काम नहीं कर रहे या फ्यूज हो गए हैं जिससे गलियों में अंधेरा रहता है। विद्युत कार्यालय को इसका ज़िक्र कर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए एक पत्र लिखिए। **(10अंक)**

**अथवा**

नगरपालिका के महापौर को शहर के कचरा निपटान प्रणाली को और सक्षम बनाने की आवश्यकता का कारण बताते हुए इसके लिए उचित कार्रवाई का अनुरोध करते हुए एक पत्र लिखें।

63. निम्नलिखित गद्यांश का सार लिखें एवं उचित शीर्षक भी दें। **(10अंक)**

संयम स्वयं से प्यार करने का एक उपाय है। योगानुसार जिस व्यक्ति में संकल्प और संयम नहीं वह मृत व्यक्ति के समान है। ऐसा व्यक्ति अपने जीवनभर विचार, भाव और इंद्रियों का गुलाम बनकर ही रहता है। संयम और संकल्प के अभाव में व्यक्ति के भीतर क्रोध, भय, हिंसा और व्याकुलता बनी रहती है, जिसके कारण उसकी जीवनशैली अनियमित और अवैचारिक हो जाती है।

इंसान अगर अपने मन, वचन और कर्म पर संयम रख लेता है तो वह हर परिस्थिति का सामना कर सकता है। लेकिन अगर वह उत्तेजना के प्रभाव में आ जाता है तो अपने व्यवहार और स्थिति को और भी ज्यादा खराब कर लेता है। उसके लिए हर हाल में संयम बहुत जरूरी है। विपरीत परिस्थितियों में भी संयम इंसान की उत्तेजना के लिए जरूरी लगाम का काम करता है। यदि अपने व्यवहार को संयमित कर लिया जाए तो कोई भी इंसान अहं पर भी आसानी से नियंत्रण रख सकता है। इसका मतलब यह है कि यदि कोई कड़वे वचन बोले तो उन्हें तुरंत अनसुना कर देना चाहिए। उसके वचन हम पर अपना असर तभी तो डाल सकेंगे जब हम खुद को प्रभावित होने देंगे। यदि हम अपना संयम कायम रखें तो आखिरकार वह खुद ही चुप हो जाएगा। कड़वी बात कहने वाले का तो मकसद ही दूसरों को ठेस पहुंचाना और किसी न किसी तरह झगड़े के लिए उकसाना होता है। ऐसे में उससे बचने के लिए

संयम ही एकमात्र कवच है। संयमी व्यक्ति में धैर्य और आत्मनियंत्रण की ताकत होती है। इसी कारण से वे वाद-प्रतिवाद या झगड़ा आदि नहीं करते। अपनी क्षमताओं का सही मूल्यांकन किया जाए और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा दिया जाए तो हर लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जाता है। व्यर्थ का वाद विवाद तो अच्छे खासे जीवन में भी रुकावटें पैदा करना शुरू कर देता है। किसी से भी शत्रुता नहीं रखनी चाहिए। काम, क्रोध, अहंकार आदि से दूर रहकर सतत् विनम्र बने रहना जरूरी है।

64. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: **(2अंक)**

(i) किसी तरह लड़ झगड़कर पहुंच ही गई।
(ii) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।

65. निम्नलिखित कहावत/मुहावरों के सही अर्थ लिखें: **(2अंक)**

**(i) अधजल गगरी छलकत जाय**

**(ii) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता**

66. निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखें: **(2अंक)**

(i) कम बोलनेवाला
(ii) जिसका तेज निकल गया है
(iii) वृष्टि का अभाव
(iv) तेज़ गति से गमन करनेवाला

67. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखे: **(2अंक)**

(i) सुलभ
(ii) सूक्ष्म
(iii) समष्टि
(iv) शोषक

68. निम्नलिखित विशेष्यों का विशेषण लिखिए: **(2अंक)**

(i) दिन
(ii) तेज
(iii) तालु
(iv) खानदान

********************